CAMBRIDGE
International Education

# Example candidate response – high

## Part 1 Presentation

**TEACHER/EXAMINER:** The teacher/examiner introduces the centre name, centre number, candidate name, number and her own name (this information has been removed from the recording).

**CANDIDATE:** नमस्ते, आज मैं अपने ग्रह नगर के बारे में चर्चा करूँगी । मैं बचपन से ही सिंगापुर में पली बड़ी हूँ और यहाँ पर नागरिक भी हूँ। सिंगापुर में रहना एक अद्भुत अनुभव है। यहाँ की संस्कृति में बहुत विविधता है क्योंकि यहाँ पर बहुत जातियाँ के लोग रहते हैं। इसका परिणाम यह है कि मुझे अलग-अलग त्योहार का जश्न मनाने के अनमोल मौके मिलते हैं। जैसे चीन नव वर्ष और ईद और इसके लिए मैं बहुत आभारी हूँ। त्योहारों पर ही नहीं, दैनिक जीवन में भी मुझे अलग-अलग संस्कृतियों के लोगों से मिलने का अवसर मिलता है और ऐसे ही मैं अपने आप को वैश्विक नागरिक के रूप में मानती हूँ, इस छोटे से देश में रहने के बावजूद भी। सिंगापुर एक बहु सांस्कृतिक देश है और यह ही यहाँ की तहज़ीब की नींव बन गया है। सिंगापुर की समृद्ध संस्कृति में कुछ अद्वितीय तत्व हैं जैसे कि यहाँ का खानपान, यहाँ का वातावरण, यहाँ की भाषा। खानपान के तौर पर यहाँ बहुत से हॉकर सेंटर स्थित हैं जिनमें अलग-अलग प्रकार के व्यंजन उपलब्ध हैं। इनमें से कुछ स्थानीय व्यंजन भी शामिल हैं, जैसे कि चिकन राइस एवं मीगारेन। इनके बारे में सोचते ही मेरे पेट में चूहे कूदने लगते हैं। सिंगापुर साफ-सुथरा देश भी है। आपको कभी सड़कों पर कभी कूड़ा नहीं मिलेगा और यही सिंगापुर में अनुशासन का प्रतीक है। हमारी भाषा कहीं और नहीं बोली जाती है। सिंहलीज़ एक अंग्रेज़ी का प्रकार है जिसमें चीन, मलेशिया एवं भारत की भाषाओं के शब्दों को शामिल किया गया है। यह ही सिंगापुर की धरोहर है। रबींद्रनाथ टैगोर जी ने बोला था, 'संस्कृति के बिना समाज अधूरा होता है।' परंतु, सिंगापुर में रहकर हुए कभी-कभी ऐसा भी लगता है कि मैं भारतीय संस्कृति से जुड़ी नहीं हूँ। हालाँकि मैं त्योहारों को धूमधाम से मनाती हूँ, जैसे कि दीवाली एवं नवरात्रि, लेकिन भारत में रहना एक अलग ही अनुभव होता है जिसके लिए मुझे साल में सिर्फ एक ही मौका मिलता है जब हम परिवार से मिलने भारत की यात्रा करते हैं। मै भारत की प्राकृतिक सुंदरता याद करती हूँ जो उसके सौंदर्य में चार चाँद लगाती है। मैं अपने भारत में रहने वाले परिवार से संपर्क में रहने से और अपने संस्कृति के बारे में सीखने से इस बात की ध्यान रखती हूँ कि अपने मूल जड़ों को न भूलूँ।

**Mark awarded for Content and Presentation = 10 out of 10**

**Mark awarded for Vocabulary, Pronunciation and Intonation = 5 out of 5**

**Mark awarded for Structures = 4 out of 5**

## Part 2 Topic Conversation

**TEACHER/EXAMINER:** आपने बहुत अच्छी बात बोली। अब हम भाग दो की तरफ चलते हैं जो आपके विषय पर हम बात करेंगे। भारत में जो त्योहार मनाए जाते हैं और सिंगापुर में जो त्योहार मनाए जाते हैं उनमें अंतर होता है?

**Moderator comment:** The teacher/examiner informs the candidate about Part 2 of the test before asking a Topic Conversation question. She asks a closed question which could have a YES/ NO answer.

**CANDIDATE:** जी बिलकुल मुझे लगता है यदि देखा जाए अंतर तो भारतीय संस्कृति में ही इतनी विविधता है जैसे गुजराती की, गुजरात में अलग त्योहार होते हैं, पंजाब में अलग त्योहार तो ऐसे ही क्योंकि भारत में बहुत भाषाओं में भी और वेशभूषा में भी तो उस तौर पर भारत में ऐसे बहुत त्योहार मनाए जाती है। जैसे कि ओनम, पोंगल, दीवाली।

सिंगापुर में क्योंकि इतने सारे जातियों के लोग हैं शायद भारतीय त्योहारों से बहुत अलग हैं। क्योंकि अलग तृतीय भाषाएँ हैं लोगों की जैसे चीन। चीन के त्योहारों में लाल रंग का बहुत महत्व है, ख़ानपान भी अलग होता है अम.. तो ऐसे क्योंकि दोनों में अंतर है। दोनों धूमधाम से मनाए जाते हैं लेकिन दोनों में बहुत अंतर है क्योंकि लोग भी बहुत अलग हैं .. अम.. उनकी भाषाएँ भी बहुत अलग हैं।

**Moderator comment:** The candidate has no problem of comprehension. Her answer is spontaneous. It is a closed question which she answers in the first affirmative sentence. Then she tries to explain and defend her point of view at some length by giving example of the difference in celebrations between Singapore and India, but her answer is vague and repetitive. The errors in gender of verbs continue त्योहार मनाए जाती है। should be त्योहार मनाए जाते हैं and इतने सारे जातियों should be इतनी सारी जातियों and चीन is not a language.

**TEACHER/EXAMINER:** तो आपने बताया कि यहाँ बहुत सारे धर्म के लोग रहते हैं और बहुत सारी संस्कृति के लोग रहते हैं, आपका क्या अनुभव है? आपने कभी ऐसा अनुभव लिया है विभिन्न संस्कृति के लोगों से मिलने का?

**Moderator comment:** The question is pitched at a right level and depth appropriate for this syllabus, the candidate is given opportunity to show her command of spoken Hindi and express her ideas and opinion in an extended answer.

**CANDIDATE:** पाठशाला में मेरे दोस्त हैं जो भारतीय संस्कृति के नहीं हैं और एक ख़ास बात यह है कि जब भी हम आधी छुट्टी में बैठते हैं नीचे जलपान गृह में हम सब अपना ख़ाना बाँटते हैं। मुझे यह एक बहुत ख़ास बात लगती है जैसे कि मेरी एक सहेली है जो रोज भारतीय ख़ाना लेकर आती है जैसे रोटी, पराठा, सब्जी। मेरे कुछ दोस्त चीनी चीन के ख़ानपान लेकर आते हैं जैसे कि नूडल्स । जब हम बाँटते हैं, हम पूछते हैं इसमें क्या डलता है, इसके बारे में कोई कहानी है क्या, आपके घर में कुछ महत्व है? जैसे कि अभी हमने पोटनी मनाई थी मेरी एक सहेली गुजिया लेकर आई थी तो हमने सबको समझाया कि होली में हम यह ख़ास वाली मिठाई बनाई जाती है और ऐसे ही हम जानकारी बाँटते हैं। मुझे इसमें बहुत मजा भी आता है और हमें दूसरों की संस्कृति का अनुभव करने का अवसर भी मिलता है। और जब मैं प्राथमिक विद्यालय में थी तो एक पाठ्यक्रम का एक हिस्सा भी हुआ करता था दूसरों की संस्कृति के बारे में सीखने की। इस वाले स्कूल में भी है जैसे कि राष्ट्र दिवस पर हम सब एक दूसरे की संस्कृति के बारे में सीखते हैं, गाने भी गाते हैं और यह मुझे बहुत पसंद है सिंगापुर के बारे में और इसके लिए मैं बहुत आभारी हूँ।

**Moderator comment:** The response to an unexpected question is natural and spontaneous. The candidate does not only answer the question, she supports her answer by talking about her own experience with a sense of enjoyment in fully integrating with cultural diversity of Singapore. Structural weakness in some of the sentences do not impede the meaning. The correct structure for होली में हम यह ख़ास वाली मिठाई बनाई जाती है should be होली में यह ख़ास वाली मिठाई बनाई जाती है.and सीखने की should be सीखने का.

**TEACHER/EXAMINER:** आपने बोला आपका गृह स्थान सिंगापुर है, तो यहाँ की क्या एक बात अच्छी लगती है कि आप यहाँ रहने के रह रही हैं?

**Moderator comment:** It is a relevant question. The teacher/examiner should ensure the questions are correctly structured as आप यहाँ रहने के रह रही हैं? Should be आप यहाँ रह रही हैं?

**CANDIDATE:** मैंने बहुत सारे देशों की यात्रा की है। एक बात मुझे बहुत ख़ास लगी सिंगापुर के बारे में यहाँ की सुरक्षा। इसका मतलब यह है कि जब मैं बाहर निकलती हूँ, घर से रात में भी, मुझे कभी डर नहीं लगता है या घर में रहते वक्त भी कोई डर नहीं लगता , चिंता नहीं रहती कि कोई अंदर आ सकता है और चोरी कर सकता है। यह सिंगापुर की नीतियों की वजह से है लेकिन लोगों को पता भी है कि यह हमारी कर्तव्य है कि अपनी देश को सुरक्षित स्थान रखें और लोग इसको बहुत महत्व देते हैं। तो सिंगापुर में मुझे बहुत रक्षा का अहसास होता है।

**Moderator comment:** An extended answer made convincing by personal experience. Errors (subject-verb agreement and vocabulary, रक्षा in place of सुरक्षा) do not impede communication.

**TEACHER/EXAMINER:** सिंगापुर में ऐतिहासिक स्थल हैं क्या?

**Moderator comment:** It is a good strategy to change the direction of the conversation in the final question of this segment.

**CANDIDATE:** जी बिलकुल हैं। सिंगापुर एक छोटा सा देश है, हम सबको पता है। लेकिन पिछले साल मैं एक ऐतिहासिक स्थल पर गई थी जिसका नाम है गिलमर बैरक। पहले यह सैनिकों का घर हुआ करता था। जब जापानी युद्ध हुआ था तब सैनिक यहाँ रहते थे। इसका बहुत अच्छे से संरक्षण किया गया है। अब यह एक कलाकृति का संग्रहालय है जिसमें स्थानीय कलाकरों का कला को दर्शाया जाता है। जब मैं यहाँ गई थी तो मुझे सिंगापुर की संस्कृति को देखने को मिला क्योंकि यहाँ पर जो कला है वो सिंगापुर की संस्कृति का प्रतीक भी है। लोग हमारे जीवन शैली सब कुछ दर्शाते हैं अपने काम में और मुझे यह ख़ास अनुभव भी लगा। तो यह बिलकुल एक ऐतिहासिक स्थल है।

**Moderator comment:** The candidate response to a sudden change in direction of conversation is spontaneous. Past tense is used to describe experience of visiting a historical place appropriately.

**TEACHER/EXAMINER:** आपने भाषा की बात की कि यहाँ बहुत से भाषाएँ बोली जाती हैं। आप कितनी भाषाएँ बोल सकती हैं?

**Moderator comment:** The teacher/examiner should avoid asking low level questions that can be answered in simple sentences..

**CANDIDATE:** जी मैं दो भाषाएँ बोल सकती हूँ अंग्रेज़ी और हिंदी। अगर आप सिंग्लिश भी काउंट करें तो यदि सिंग्लिश भी एक भाषा है तो मैं वो भी कभी-कभी बोलती हूँ।

**Moderator comment:** This is a simple answer to a low-level question and did not add any value to the candidate's performance. The teacher/examiner should ask questions that require putting forward argument for/against it and answering in complex sentences including a variety of tenses and sentence structures.

**TEACHER/EXAMINER:** कभी आपको कभी भाषा संबंधी कोई समस्या आई है?

**Moderator comment:** This is the second part of the previous question and has more scope for a longer answer.

**CANDIDATE:** जी हाँ, बिलकुल। यहाँ पर जो हॉकर सेंटर में इतनी संस्कृति के लोग हैं जो ख़ाना बेच रहे हैं कभी-कभी वे सिर्फ अपनी मातृ भाषा ही बोलते हैं। जैसे कि जब मैं चीन का ख़ाना ख़ाने जाती हूँ, तब कभी-कभी उनसे बोलने में तकलीफ होती है क्योंकि उनको अंग्रेज़ी नहीं आती है। लेकिन सिंगापुर में ये अनुभव इतने अकसर होते हैं कि कभी-कभी उनसे सीखने को भी मिलता है। क्योंकि अगर हम उनसे ख़ाना ख़रीदने जाते हैं तो कुछ शब्द कौन से हैं जो हम याद कर सकते हैं और उनसे बातचीत कर सकते हैं आसानी से और इसमें मुझे उनकी संस्कृति के बारे में सीखने को मिलता है जैसे उनकी भाषा के बारे में। हाँ हालाँकि यहाँ पर थोड़ी सी समस्या हो जाती है पर ऐसा नहीं कि उसका हल नहीं निकाला जा सकता है। यह एक सीखने का भी मौका मिलता है।

**Moderator comment:** An error occurred when a long complex sentence is attempted.

**Mark awarded for Comprehension and Responsiveness = 10 out of 10**

**Mark awarded for Vocabulary, Pronunciation and Intonation = 5 out of 5**

**Mark awarded for Structures = 4 out of 5**

## Part 3 General Conversation

**TEACHER/EXAMINER:** भाग तीन की ओर चलते हैं। सामान्य बातें करते हैं। आपके घर में ये सबसे महत्वपूर्ण भूमिका कौन निभाता है?

**Moderator comment:** The teacher/examiner informs the candidate about moving to Part 3.

**CANDIDATE:** मुझे लगता है कि मेरी माताजी सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। नौकरी करने के साथ-साथ वे घर को भी सम्हालती हैं। नौकरी के लिए वह बहुत काम करती हैं मुझे मालूम है। वह पहले दो नौकरी करती थीं अपनी ख़ुद की कंपनी चलाती थीं और इसके बावजूद पूरे घर को सम्हालती हैं जैसे कि ख़ाना बनाने में मदद करती हैं मेरा पालतू कुत्ता भी है उसके देखभाल भी करती है तो मेरे विचार से वही घर में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उनकी वजह से ही मेरी देखभाल हो जाती है और घर में शांति रहती है उनकी वजह से।

**Moderator comment:** The candidate does not only answer the question she supports her answer with example.in a complex sentence. There may be some mix up of past and present tenses in one sentence.

**TEACHER/EXAMINER:** आप घर में मदद करती हैं काम में?

**Moderator comment:** This is a low-level question from Area A, Home life.

**CANDIDATE:** बिलकुल। एक हिस्सा तो यह है कि मेरा जो कमरा है उसको मैं साफ रखती हूँ मुझे दूसरों को काम देना पसंद नहीं है तो मैं हमेशा ध्यान रखती हूँ कि मेरा कमरा साफ है जमीन भी साफ है। लेकिन घर में जो मैं मदद करती हूँ वह मैं कभी-कभी अपनी पालतू कुत्ते की देखभाल करती हूँ । उसको सैर पर लेकर जाती हूँ उसको ख़ाना देती हूँ, पानी देती हूँ और कभी-कभी लगता है कि ये छोटे काम हैं, पर पालतू कुत्ता सम्हालना एक काफी बड़ा काम है और माता-पिता की मदद के साथ मैं एक जिम्मेदार भी सीखती हूँ एक और जानवर की।

**Moderator comment:** The candidate uses simple structuresly, errors occur when complex structures are attempted.

**TEACHER/EXAMINER:** तो आप जब यात्रा पर जाती हैं तो पालतू जानवर कहाँ रहता है?

**Moderator comment:** The teacher/examiner follows the lead from the candidate about her pet dog to give continuity to conversation.

**CANDIDATE:** अम. घर पर, घर पर ही रहती है। हम एक सहायक करने वाली रखते हैं। उसको बहुत सिखाया है कि पालतू कुत्ते की देखभाल कैसे करनी है लेकिन उसको बहु याद करते हैं जब हम जाते हैं और जहाँ भी जाते हैं उसके लिए कुछ ख़रीद कर भी लाते हैं। उसको बहुत पसंद आता है।

**Moderator comment:** Simple answer to a simple question, सहायक करने should be सहायता करने.

**TEACHER/EXAMINER:** आप अपने परिवार के साथ छुट्टियाँ कैसे मनाती हैं?

**Moderator comment:** Another question from Area B, Holiday, the opportunity to assess the candidate's ability to discuss and debate about wider issues is missed.

**CANDIDATE:** हम तो... जब मैं अपने परिवार के साथ छुट्टियाँ मनाती हूँ, हम आराम और गतिविधि को का मिश्रण रखते हैं तो हम बिलकुल आराम करने जाते हैं बाहर जैसे कि समुद्र तट पर बैठना। लेकिन अब हमारे लिए उस देश की संस्कृति के बारे में सीखना बहुत महत्वपूर्ण है तो अगर वहाँ पर मंदिर है, वहाँ जरूर जाते हैं । उस देश की इतिहास के बारे में भी सीखते हैं तो ऐसे ही हम छुट्टियाँ मनाते हैं।

**Mark awarded for Comprehension and Responsiveness = 9 out of 10**

**Mark awarded for Vocabulary, Pronunciation and Intonation = 5 out of 5**

**Mark awarded for Structures = 4 out of 5**

© Cambridge University Press & Assessment 2025 v1